सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 110 | इंदौर, शुक्रवार 27 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# ... अब चुनाव में स्टार प्रचारकों का जोर

◆ खरगे, पायलट, राजनाथ, हिमंता, खट्टर की सभाएं चाहते हैं प्रत्याशी

## भाजपा में मोदी-शाह के बाद योगी की सभी सीटों पर मांग, कांग्रेस में राहुल-प्रियंका की





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भाजपा और कांग्रेस में उम्मीदवार तय होने के बाद चुनाव प्रचार चरम पर है। अब उम्मीदवार उनके पक्ष में माहौल बनाने के लिए बड़े नेताओं की सभा करवाना चाहते हैं। भाजपा में प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के बाद सभी 230 सीटों से प्रत्याशी और नेता उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ की सभाएं करवाना चाहते हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो दोनों ही दल अब स्टार प्रचारकों की सभाएं कराने पर जोर दे रहे हैं।

पार्टी ने उम्मीदवारों से उनके यहां सभाओं के लिए स्टार प्रचारकों के नाम मांगे थे। रायसेन की चारों सीटों से डिमांड आई थी कि सनी देओल हैंडपंप उखाड़ते और हेमामालिनी शोले के डायलॉग बोलते हुए दिखें। फिलहाल फिल्मी सितारों की बुलाने पर आमराय नहीं बन पा रही है। बतौर सांसद मनोज तिवारी जरूर आएंगे।

भिंड, ग्वालियर, गुना, अशोकनगर, विदिशा में उम्मीदवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सभाएं करवाना चाहते हैं, खासतौर पर जहां क्षत्रिय बहुतायत में हैं। महाराष्ट्र से लगे जिलों खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन और बड़वानी में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की डिमांड है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा शर्मा, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर की भी डिमांड आई है। रामदास आठवले की मांग एससी-एसटी आरक्षित सीटों पर है।

### ◆ 28 तक सौंपना है सूची

राजनीतिक दलों को स्टार प्रचारकों की सूची 28 अक्टूबर तक चुनाव आयोग को सौंपना है। भाजपा-कांग्रेस में सूची के लिए बैठक हो चुकी है। स्टार प्रचारकों का चुनाव आयोग से अनुमोदन होने के बाद जो नाम सूची में होते हैं उनका खर्चा उम्मीदवार के बजाय पार्टी के खाते में जोड़ा जाता है।

### प्रियंका की 28 को छठी सभा... राहुल का फोकस छत्तीसगढ़-राजस्थान पर भी

कांग्रेस के सभी प्रत्याशी प्रियंका और राहुल की सभाएं चाहते हैं। प्रियंका की 28 को मप्र (छतरपुर) में छठी सभा है। राहुल का फोकस छग, राजस्थान पर भी है। एससी-एसटी की 89 सीटों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की डिमांड है। सोनिया गांधी की मांग बहुत है पर वे स्वास्थ्य कारणों से नहीं आ सकतीं।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सभा हर एक प्रत्याशी करवाना चाहता है। कांग्रेस की सदस्य होने के नाते नगमा की सभाएं कराए जाने की भी मांग आई है। ग्वालियर-चंबल, मालवा और निमाड़ में सचिन पायलट की सभाएं कराए जाने की डिमांड है। इसके अलावा नवजोत सिंह सिद्धू की सभाएं भी होंगी।

दिग्विजय सिंह की संगठन में नेताओं के बीच डिमांड आई है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल की सभाएं भी कांग्रेस उम्मीदवारों ने आयोजित कराए जाने की डिमांड की है। लेकिन, साथ चुनाव होने की वजह से दोनों मुख्यमंत्री अपने राज्यों में व्यस्त हैं।

# सिंधिया चार दिवसीय दौरे पर ग्वालियर पहुंचे

### इंडिया भारत विवाद पर बोले- मातृभूमि के नाम का विरोध करना ये देश का दुर्भाग्य है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर**। ग्वालियर में गुरुवार को चार दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर पहुंचे भाजपा के केंद्रीय नागरिक उद्यान एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ठउएफळ की किताबों में इंडिया की जगह भारत लिखे जाने पर हो रहे विवाद पर बयान देते हुए कहा है कि हमारे देश का नाम अतीत से भारत ही है फिर विरोध किस बात का, जब इंडिया रखा गया तब कोई विरोध नहीं हुआ अब क्यों, सिंधिया ने कहा कि मातृभूमि के नाम पर किसी के द्वारा विरोध करना यह देश का दुर्भाग्य है। बता दें कि सिंधिया ग्वालियर चंबल अंचल के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे है, जहां वे जनता से पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी के विकास कार्य और जन हितैषी योजनाओं को देखते हुए जनता भाजपा को अपना आशीर्वाद जरूर देगी।

### चुनाव के समय कांग्रेस महंगाई भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दे उठा रही है

मप्र विधानसभा चुनावों में कांग्रेस महंगाई, भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों को उठा रही है इसमें एक महत्वपूर्ण मुद्दा है महिला सुरक्षा का। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह सहित तमाम कांग्रेस नेता शिवराज सरकार पर हमलावर हैं, उनके आरोप हैं कि महिला सुरक्षा मामले में शिवराज सरकार फेल है, भाजपा की सरकार ने मध्य प्रदेश को महिला अत्याचार में नम्बर एक बना दिया है।

### बोले देश की जनता कांग्रेस का चेहरा करेंगी उजागर

कांग्रेस के इन आरोपों पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने करारा जवाब दिया था कांग्रेस नेताओं को उनके टंच,माल, आइटम जैसे बयान याद दिलाये थे और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी ट्वीट कर हमला किया था। गुरुवार को सिंधिया ग्वालियर पहुंचे और मीडिया ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा कि इस देश में महिलाओं का बड़ा योगदान है लेकिन जो पार्टी और उसके नेता महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करते हैं, उन्हें नीचा दिखाने का कार्य करते हैं, इस बार प्रदेश की साढ़े चार करोड़ महिलाएं कांग्रेस का चेहरा उजागर करेंगी और उसे सबक सिखाएंगी।

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल उज्जैन आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को उज्जैन आयेंगे। यहां वे बाबा महाकाल के दर्शन कर भाजपा प्रत्याशियो के समर्थन में रोड़ शो करेंगे हालांकि अभी तक उनके रोड़ शो का मार्ग व उनके उज्जैन आने का समय तय नही हुआ है। संभवतः वे शाम को आयेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री शाह 5 साल पहले भी उज्जैन आयेंगे। इस दौरान उन्होने बाबा महाकाल का आशिर्वाद लेकर नानाखेडा स्टेडियम में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया था। इसके बाद रोड़ शो किया था। इस दौरान सीएम शिवराजसिंह भी उनके साथ थे। भाजपा नेताओं के अनुसार श्री शाह शनिवार शाम को आएंगे। महाकालेश्वर मंदिर में पूजन कर मध्यप्रदेश के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। वे राजनीतिक दृष्टि से दो क्षेत्र में बंटे उज्जैन उत्तर और उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगे। विधानसभा चुनाव के चलते उज्जैन सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश में चुनाव आचार संहिता प्रभावशील है। ऐसे में श्री शाह के स्वागत, सुरक्षा की व्यवस्था अलग रूप से रहेगी।

# त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए, सफाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक

◆ त्यौहारो के दौरान बडी मात्रा में निकलने वाले कचरे के निपटान के लिये दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा आगामी त्यौहारो के दौरान बडी मात्रा में निकलने वाले कचरे के व्यवस्थित निपटान के संबंध में सीटी बस आफिस में समीक्षा बैठक ली गई। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, अभय राजनगांवकर, देवधर देवरई, मनोज पाठक, अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, अनुप गोयल, अधीक्षण यंत्री श्री डी आर लोधी, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, समस्त झोनल अधिकारी, समस्त झोन नियंत्रणकर्ता अधिकारी, समस्त स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त सीएसआई, सहायक सीएसआई, निगम के अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा आगामी त्यौहारो के दौरान बडी मात्रा में निकलने वाले कचरे के निपटान व पर्याप्त सफाई व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के संबंध में झोनवार समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त द्वारा समस्त स्वास्थ्य अधिकारी व सीएसआई को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारो के दौरान शहर के बाजारो व मुख्य स्थानो के साथ ही रहवासी क्षेत्र में बडी मात्रा में कचरा निकलने के साथ ही समय पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से कचरा नियत स्थान से उठ जावे तथा डोर टू डोर का कचरा संबंधित जीटीएस पर पहुंच जाये, इसके लिये समस्त स्वास्थ्य अधिकारी व सीएसआई से व्यवस्थाओ के संबंध में निर्देश दिये गये। आयुक्त द्वारा आगामी दीपावली त्यौहार के दौरान रहवासी क्षेत्र व बाजारो से बडी मात्रा में कचरा निकलने के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था को बनाये रखने के लिये अतिरिक्त संसाधन लगाने के संबंध में वर्कशॉप प्रभारी को निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन समय पर निर्धारित रूट पर निकले व कचरा अधिक होने पर भी कचरा प्रतिदिन उठवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।



# पुलिस ने डॉग रीता को दी अंतिम विदाई

**नम आंखों से किया अंतिम संस्कार, कई अपराधिक मामलों का खुलासा करने में डॉग रीता की थी अहम भूमिका**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बीडीडीएस स्क्वार्ड में पदार्थ पुलिस की स्निफर डॉग रीता का बीमारी के कारण आकस्मिक मृत्यु हो गई। पुलिस अधिकारियों ने डीआरपी लाइन में अंतिम सलामी देकर सम्मान पूर्वक उसका अंतिम संस्कार किया। इस दौरान विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक डॉग रीता का जन्म 27 अप्रैल 2014 को हुआ था। वह पुलिस विभाग में 10 जनवरी 2015 को भर्ती हुई थी। डॉग रीता ने कुल 8 वर्ष 10 माह की सेवा में कई महत्वपूर्ण अपराधों के मामलों में खुलासा करने में सहायता की थी। डॉग रीता के इस सराहनीय कार्य के कारण कई दफा डॉग रीता का सम्मान भी किया गया लेकिन अचानक से बीमारी के कारण डॉग रीता की मौत हो गई। इसी के चलते तमाम अधिकारियों द्वारा नम आंखों से डॉग रीता को भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम संस्कार किया गया।

# जगद्गुरु रामदयाल महाराज को दी विदाई

**भक्तों की आंखों से छलके आसू, दीपावली इंदौर में मनाने के लिए शहरवासियों ने ली स्वीकृति**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के वर्तमान 15वें आचार्य जगद्गुरु रामदयाल महाराज को आत्मनिर्भर साधना चातुर्मास समिति, रामद्वारा क्षत्रीबाग ट्रस्ट मंडल एवं सैकड़ों श्रद्धालु ने छत्रीबाग रामद्वारे से भावभीनी विदाई दी। विदाई की इस बेला में श्रद्धालु भावुक हो गए। उनकी आंखों से आंसू छलकने लगे। सभी ने जगद्गुरु स्वामी रामदयाल महाराज से प्रार्थना करी की दीपावली पर आप पुनः इंदौर पधारे। आचार्य श्री ने भी इस विशेष आग्रह को स्वीकार कर स्वीकृति प्रदान की।**

समिति के मुकेश कचोलिया एवं हेमंत काकानी ने बताया कि 4 महीने के इस ऐतिहासिक सफल चातुर्मास में चार माह लगातार रोजाना आचार्य श्री ने भक्तजनों को दर्शन एवं प्रवचन का लाभ दिया। अपने आशीर्वचन में आचार्य श्री ने कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है यह बात आत्मनिर्भर साधना चातुर्मास सेवा समिति के सदस्यों ने साबित की है, क्योंकि व्यक्तिगत स्वार्थ एवं अहंकार किसी भी कार्यक्रम, संस्था और समाज के लिए सदैव हानिकारक ही रहता है। चार माह का लंबा अंतराल चातुर्मास का जिसमें प्रतिदिन कुछ ना कुछ आयोजन होते रहे हैं उसका समापन तक निर्विघ्न सफल संचालन आसान काम नहीं है। टीम वर्क एवं आपसी समझ बुझ अति आवश्यक है और यही सफलता का मूल मंत्र भी है, यही बात परिवार एवं राष्ट्र के लिए लागू होती है। आचार्य श्री ने कहा कि इंदौर शुरू से ही एक धार्मिक नगरी रही है और मैं इंदौर की चहुंमुखी प्रगति एवं यहां की जनता के मंगल भविष्य की कामना करता हूं। इतना प्रेम और आत्मीयता जो आप लोगों ने मुझे दी है उसके लिए मैं सदैव ऋणी रहूंगा।

# भाजपा ने विधानसभा प्रभारियों के बहाने जातिगत-सामाजिक समीकरण बैठाए

**सभी सीटों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति के बाद हुई घोषणा, कांग्रेस पिछड़ी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने अपने विधानसभा प्रभारियों की नियुक्तियां कर दी है। इन नियुक्तियों में बीजेपी संगठन ने जातिगत और सामाजिक समीकरण को सेट किया है। बीजेपी ने कुछ सीटों पर सह प्रभारी भी नियुक्त किए हैं। इधर, कांग्रेस ने अब तक विधानसभा क्षेत्र प्रभारी नियुक्त नहीं किए हैं। कांग्रेस का कहना है कि हमारी तैयारी पूरी है, जल्द ही प्रभारी नियुक्त कर दिए जाएंगे। बीजेपी ने इंदौर की 9 विधानसभा में सभी पर प्रभारी नियुक्त करने के साथ ही 2 में सह-प्रभारी भी नियुक्त किए हैं। देपालपुर और महू में प्रभारी के साथ ही सह-प्रभारी नियुक्त किए हैं। इंदौर-1 में डॉ. उमा शशि शर्मा, इंदौर-2 में रोहित चौधरी, इंदौर-3 में शेखर किबे, इंदौर-4 में वीरेंद्र शेडगे, इंदौर-5 में कैलाश पिंपले, राऊ में प्रेमसिंह ढाबली, देपालपुर में वीरेंद्र आंजना, महू में रामविलास पटेल और सांवेर में गोपाल सिंह चौधरी को प्रभारी नियुक्त करने के साथ ही देपालपुर में सोहन पटेल और महू में माखन मंडले को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# प्रबंध निदेशक का फोटो लगाकर धोखाधड़ी का प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं, कर्मचारियों, अधिकारियों, आम लोगों को धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने की अपील की है। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर का फोटो वाट्सएप डीपी में लगाकर भी फर्जी व्यक्तियों द्वारा राशि की मांग की जा रही है। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने ऐसे लोगों से सावधान रहने एवं किसी भी प्रकार का संवाद नहीं करने, विभागीय कार्य नहीं करने की अपील की गई है। श्री तोमर ने बताया कि मेरा फोटो लगाकर एवं मेरे नाम का प्रयोग कर इस तरह की धोखाधड़ी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

## कटाक्ष




# आनंद रत्न वल्लभ वाटिका में आयोजन

**41 उपवास के उपलक्ष्य में निकला वरघोड़ा, मालवकीर्तिजी के सान्निध्य में हुआ सम्मान**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आनंद रत्न वल्लभ वाटिका में विराजित मालवकीर्ति उपप्रवर्तनी कीर्तिसुधा म.सा. के सान्निध्य एवं प्रेरणा से जैन साधना भवन श्रावक संघ के अंतर्गत मुकुट मांगलिक भवन में निरंतर तपस्या हो रही है। सुभाष बाबूलाल पितलिया के 41 उपवास के उपलक्ष्य में पितलिया परिवार द्वारा मासखमन तपस्वी का वरघोड़ा निकालकर अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर अभिग्रहधारी तपस्वी राजेश मुनि म.सा. ने तप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनुमोदनार्थ काव्य रूप अभिनंदन-पत्र भेंट किया। मालवकीर्ति ने तप की महिमा बताते हुए सुभाष पितलिया की 41 उपवास की अनुमोदना की एवं तपस्वी को पचकान कराएं। पूज्य दक्षिण ज्योति आदर्शज्योति म.सा. ने भी धर्मसभा को संबोधित कर तपस्या की अनुमोदना की। आस्था श्रीजी ने तपस्या अभिनंदन में गीत प्रस्तुत किया।

**अभिनंदन-पत्र, शाल, माला, रजत मुद्रा भेंट-** जैन साधना भवन श्रावक संघ की ओर से पश्चिम में महासंघ अध्यक्ष महेश डाकोलिया ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्याध्यक्ष अनिल बरडिया ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। अध्यक्ष आईसी जैन ने अभिनंदन-पत्र का वाचन किया। तपस्वी अभिनंदन 31 उपवास की बोली विनोद खटोड़ ने लेकर अभिनंदन-पत्र, शाल, माला, रजत मुद्रा भेंट की। कमल पितलिया एवं प्रदीप डांगी की ओर से स्वर्ण गिन्नी तपस्वी को भेंट की गई।

# नवशक्ति गरबा मंडल के पारिवारिक गरबे का समापन

**महाआरती, हवन और महाप्रसादी का हुआ आयोजन, प्रतिभागियों को दिए प्राइज**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्याम नगर एनएक्स में ॐ नवशक्ति गरबा मंडल द्वारा आयोजित पारिवारिक गरबे का समापन हुआ। समापन के मौके पर महाआरती, हवन और महाप्रसादी का आयोजन किया। पारिवारिक पर्व के समापन पर बुधवार रात को गरबा करने वाले बालक, बालिकाओं, महिलाओं को पुरस्कार वितरण किया। इस पारिवारिक गरबा आयोजन को सफल बनाने के लिए गरबा संचालक मंडल की महिला सदस्य कुमारी किंजल कोचले, राखी ठाकुर, राधा प्रजापत, आभा व्यास, चेतना आनंदकर, श्रद्धा जोशी, रेखा प्रजापत, दीपाली बोरगे, ऋषिका गोहिल का सम्मान एवं स्वागत किया गया। संचालक मंडल के लगभग 35 पुरुष सदस्यों का भी सम्मान किया गया।

# शिकायतों के निराकरण में सी-विजिल एप बन रहा हैं मददगार

## एप के माध्यम से मिली डेढ़ सौ से अधिक शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर जिले में मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के संबंध में सी-विजिल एप के माध्यम से मिली सभी 152 शिकायतों का निराकरण हो गया है।**

विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 9 अक्टूबर से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हुई है। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की जानकारी त्वरित मिल सके, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप तैयार किया गया है। यह एप आदर्श आचरण संहिता के लागू होते ही सक्रिय हो गया है। एप के माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की किसी भी तरह की शिकायत फोटो, वीडियो के माध्यम से कर सकते हैं। शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित निराकरण किया जा रहा है। यह एप गूगल प्ले स्टोर पर जाकर कोई भी नागरिक अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर डाउनलोड कर सकते हैं।

इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन संबंधी प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये बेहतर इंतजाम किये गये हैं। शिकायतों को प्राप्त करने तथा उनके निराकरण संबंधी कार्यवाही के लिये कलेक्टर कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के मार्गदर्शन में कार्य कर रहा है। बताया गया कि इस कंट्रोल रूम में अभी तक कुल 221 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से 200 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है। शेष 21 शिकायतों के निराकरण की कार्यवाई जारी है। इनमें ऑनलाइन सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त सभी 152 शिकायतों का निराकरण हो गया है। इस तरह सी विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निराकरण का प्रतिशत शतप्रतिशत हैं। ऑफलाइन प्राप्त 69 शिकायतों में से 48 शिकायतें निराकृत हो चुकी है। शेष शिकायतों के निराकरण की कार्यवाई जारी है। यह कंट्रोल रूम नियमित रूप से सतत कार्य कर रहा है।

### मतदाता जागरूकता की सेल्फी पाइंट बन रही आकर्षण का केन्द्र

इंदौर। इंदौर जिले में 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिये मतदाताओं को जागरूक करने के लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत जिले में जगह-जगह सेल्फी पाइंट बनाये गये हैं। यह सेल्फी पाइंट मतदाताओं विशेषकर युवाओं के लिये आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा भी सेल्फी पाइंट बनाये गये हैं। इन सेल्फी पाइंटों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर उन्हें यातायात नियमों और मोटरयान अधिनियम के बारे में भी बताया जा रहा है।

# पूरे देश में है आवारा कुत्तों से परेशानी, क्या हो समाधान

## आवारा कुत्तों के आतंक और प्रशासन की मजबूरियों पर महत्वपूर्ण चर्चा आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अपने शहर समेत देश के विभिन्न हिस्सों से आवारा कुत्तों द्वारा नागरिकों पर हमले किए जाने के समाचार निरंतर आते रहते हैं। देश में आवारा कुत्तों की संख्या में न सिर्फ बेतहाशा वृद्धि हुई है बल्कि उनकी आक्रामकता भी बढ़ी है। ऐसे में इस बढ़ती हुई समस्या के समाधान के लिए ठोस विचार विमर्श जरूरी है।**

स्टेट प्रेस क्लब, मध्य प्रदेश ने आवारा कुत्तों के आतंक और उससे जुड़ी प्रशासनिक मजबूरियों पर एक महत्वपूर्ण चर्चा शुक्रवार, 27 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे अभिनव कला समाज सभागार, गांधी हॉल परिसर में आयोजित की है। इस परिचर्चा में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, दवा बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मप्र कांग्रेस के महामंत्री विनय बाकलीवाल, शहर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी. एल. सेतिया, हुकुमचंद पॉली क्लिनिक के प्रभारी डॉ.आशुतोष शर्मा एवं इंदौर नगर निगम के प्रभारी अधिकारी डॉ.उत्तम यादव भाग लेंगे। कार्यक्रम के सूत्रधार पत्रकार एवं संस्कृतिकर्मी आलोक बाजपेयी होंगे। स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल ने बताया कि आयोजन सभी के लिए खुला है तथा सुधी नागरिक इस चर्चा में सादर आमन्त्रित हैं।

# निर्वाचन में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का सिलसिला जारी

## अभी तक 8 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन की व्यापक तैयारियां जारी है। जिले में निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं और मतदान के लिये 14 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की सेवाएं ली जा रही है। इन कर्मियों को उनके अधिकार, कर्तव्यों, नियम-निर्देशों और कानून के संबंध में जानकारी देने के लिये अलग-अलग चरण में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है।

आगामी विधानसभा 2023 के अन्तर्गत अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का सिलसिला विगत 01 माह पूर्व से प्रारंभ हो चुका था। अब तक विभिन्न चरणों में सेक्टर अधिकारी/सेक्टर पुलिस, माईक्रो आब्जर्वर, पीठासीन अधिकारी आदि को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उन्हें उनके अधिकार, कर्तव्यों, नियम-निर्देशों और कानून के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही आदर्श आचरण संहिता के लिये विभिन्न कानूनी प्रावधानों, संपत्ति विरुपण अधिनियम, मोटरयान अधिनियम आदि के बारे में बताया गया। इसके अलावा निर्वाचन व्यय निगरानी के अन्तर्गत गठित विभिन्न दलों को भी प्रशिक्षण दिया गया। इस क्रम में मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुका है। जिसके अन्तर्गत पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-1 के लगभग 8 हजार कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-1, क्रमांक-2 एवं क्रमांक-3 के लगभग 14 हजार प्रशिक्षणार्थियों का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम होलकर विज्ञान महाविद्यालय में 8 नवम्बर, 2023 से प्रारंभ होगा। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मतदान हेतु विधानसभावार पोस्टल बेलेट के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था प्रशिक्षण स्थल पर की गई है। इस बार जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षणार्थियों हेतु एक आदर्श मतदान केन्द्र भी स्थापित किया गया है, जिससे मतदानकर्मियों को उन्हें आवंटित बूथों को आदर्श बूथ बनाने हेतु प्रेरित किया जा सके।

# लव यू जिंदगी में मनाया अनूठा दशहरा मिलन समारोह

## सरकारी स्कूल के चार सौ बच्चों ने ली नशा मुक्ति और यातायात नियमों के पालन करने की शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अग्रवाल समाज के महिला प्रकोष्ठ ने आज दशहरा मिलन का अनूठा आयोजन अपने लव यू जिंदगी कार्यक्रम के तहत पालदा के सरकारी स्कूल में किया। इस कार्यक्रम में यातायात पुलिस के उपायुक्त मनीष अग्रवाल मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने बच्चों को शहर में यातायात के नियमों का पालन करने के लाभ और नहीं करने के नुकसान तो बताए ही, नशे से होने वाले नुकसान भी गिनाए और इन बच्चों को यातायात नियमों के पालन के साथ जीवन में कभी नशा नहीं करने का संकल्प भी दिलाया। दिलचस्प बात यह भी रही कि सरकारी स्कूल के इन बच्चों ने यातायात और नशा मुक्ति पर अपनी कल्पना से आकर्षक चित्र भी बनाए और उनकी प्रदर्शनी भी लगाई। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रतिभा मित्तल ने बताया कि दशहरा मिलन के मौके पर पालदा के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले करीब 400 बच्चों को इस मिलन समारोह में आमंत्रित किया गया था। यातायात पुलिस के उपायुक्त मनीष अग्रवाल ने पूरी दिलचस्पी के साथ इन बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही यह भी बताया कि यातायात के नियम कानून हमारी सुरक्षा के लिए ही बनाए गए हैं। इनका पालन नहीं करने से हमारा ही नुकसान होता है।

# अंगदान करने वालों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ की जाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अंगदान के क्षेत्र में पिछले 2 वर्षों से कार्य कर रही संस्था आयुष्मान भवः ब्लड,आर्गन डोनर्स वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन के प्रमुख डॉ. इसहाक खान ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि अंगदान करने वालों का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाए। डॉ. खान ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने इस तरह का प्रस्ताव अपने राज्य में पास किया है, तमिलनाडु में अंगदान करने वालों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से की जाएगी। मध्य प्रदेश सरकार को भी आगे आकर इस तरह के कदम उठाने चाहिए। अभी अंगदान दाताओं की देश में भारी कमी है। इसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी है। हमें इसमें सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के साथ ही सभी समाज को जागरूक कर आगे लाना होगा। तभी हम इसमें बड़े कदम उठा पाएंगे। अगर हम ये करने में कामयाब होते है तो हम लाखों जिंदगियां बचा सकते है। वर्तमान समय में हमारा खान पान व रहन सहन की वजह से भी हमारे अंग खराब हो रहे है।

# विजयवर्गीय को बताया रावण, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशियों की छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। दशहरे पर भाजपा के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय को रावण बताते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, मामले में भाजपा विधि प्रकोष्ठ की टीम ने प्रकरण दर्ज करवाया है। एरोड्रम थाने में अधिवक्ता हर्षल रघुवंशी की शिकायत पर एक मोबाइल नंबर के धारक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी भाजपा विधि प्रकोष्ठ विधानसभा नंबर 1 के प्रभारी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर एक वीडियो आया जिसमें कैलाश विजयवर्गीय को रावण और कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला को राम बताते हुए राम रावण युद्ध का फर्जी वीडियो तैयार किया, जिसमें राम द्वारा रावण को महंगाई, बेरोजगारी वाले तीर मारते हुए दिखाया गया है। यह वीडियो किसी राकेश नाम के युवक ने सागर सैनी मित्र मंडल ग्रुप में शेयर किया था। फरियादी ने धार्मिक भावनाओं सहित भाजपा प्रत्याशी की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया है।

# शाही सांई भंडारे में 16 हजार भक्तों ने भजनों के बीच ग्रहण किया भोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एबी रोड स्थित बिच्छूदास के बगीचे पर गत 24 अक्टूबर से चल रहे शाही साईं भंडारे में अब दूर-दूर के श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं। आज महाराष्ट्र के अकोला, नासिक एवं अहमदनगर सहित अनेक जिलों के 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने नुक्ती-भजिए के साथ भोजन प्रसादी ग्रहण करने के साथ अपनी सेवाएं भी दी और भजन भी सुनाए। आज दिनभर में 16 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आज भक्तों को बालूशाही, नुक्ती, खिचड़ा, कढ़ी-बेसन, सब्जी, ज्वार-बाजरे की रोटी, तंदूर की रोटी एवं तवा रोटी की परोसगारी की गई। आयोजन समिति के प्रमुख साईंराम कसेरा, हेमंत मित्तल, प्रवीण कसेरा, पंडित गोविंद शर्मा ने बताया कि साईं बाबा के 105वें समाधि दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस भंडारे में भक्तों को पूडी के साथ-साथ रोटियां भी परोसी जा रही है। आयोजन समिति के सदस्य संजय कसेरा, सत्यनारायण पाटीदार एवं उमा आचार्य के सहयोग से रजवाड़ी बैठक व्यवस्था के साथ बुजुर्गों के लिए टेबल-कुर्सी रखी गई है। भंडारे का समापन पहले 28 अक्टूबर को प्रस्तावित था, लेकिन चंद्रग्रहण होने के कारण अब शुक्रवार, 27 अक्टूबर को रात 10 बजे समापन होगा।

# गो सेवा के लिए आर्थिक सहयोग

इंदौर। गोदान, गोसेवा और गो रक्षा के लिये बाबूलाल अग्रवाल, श्रीमती धापू देवी एवं परिवार की ओर से आर्थिक सहयोग प्राज किया। इस मौके पर संरक्षक राजेश वर्मा, ने कहा कि गो सेवा से बड़ा को धर्म नही है। वरिष्ठ गोसेवक माता देवी का सम्मान किया गया। इस मौके पर संजय वर्मा भीउपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव : कुछ कैंडिडेट से अमीर हैं उनकी पत्नियां

## दिव्यराज 65 करोड़ के मालिक, भंवर के पास सोना; कुछ कर्जदार भी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने वाले भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा भी दे रहे हैं। नामांकन के साथ दिए शपथ पत्र के मुताबिक कोई महंगी गाड़ियों का शौकीन है तो कोई बंदूक और सोने का। किसी के पास 65 करोड़ रुपए तक की संपत्ति है। कुछ ऐसे भी हैं, जिनके पास खुद का वाहन नहीं है। ऐसे कैंडिडेट भी हैं जिनकी पत्नी उनसे ज्यादा अमीर हैं। इसका पता पिछले तीन दिन में भरे गए नामांकन से चला है।**

भाजपा विधायक और सिरमौर प्रत्याशी दिव्यराज सिंह के पास खुद के नाम पर 61.03 करोड़ रुपए और पत्नी के नाम पर 4.42 करोड़ रुपए की संपत्ति है। चुनाव आयोग को दी जानकारी में दिव्यराज सिंह ने बताया कि उनके पास मारुति और मर्सिडीज है। हॉलैंड मेड 375 राइफल और पॉइंट 32 बोर पिस्टल भी है।

दिव्यराज के पास 8.55 करोड़ की और पत्नी के पास 9.48 करोड़ रुपए की चल संपत्ति है। भोपाल में रचना टावर में सीनियर एमआईजी, रीवा में मॉल, 50 हजार वर्गफीट में बनी पीली कोठी भी रीवा में इनके नाम पर है। सिंह के नाम पर 133 एकड़ और पत्नी के नाम पर 113 एकड़ जमीन है।

अंतर सिंह आर्य के पास 20 तोला सोना, पत्नी के पास नहीं पूर्व मंत्री अंतर सिंह आर्य सेंधवा से भाजपा प्रत्याशी हैं। इन्होंने शपथ पत्र में बताया कि पत्नी और उनके पास 14 लाख रुपए नकद हैं। दोनों के नाम पर अलग-अलग खातों में कुल 49 लाख रुपए जमा हैं। आर्य के पास 20 तोला सोना है, लेकिन पत्नी के पास नहीं है। भोपाल के रिवेरा टाउन में डुप्लेक्स समेत खुद के नाम पर एक करोड़ की और पत्नी के नाम पर 6.25 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। मंत्री रह चुके अंतर सिंह के पास कोई वाहन नहीं है।

### भंवर सिंह शेखावत के पास

भाजपा से बगावत कर कांग्रेस से टिकट पाने वाले पूर्व विधायक भंवर सिंह शेखावत के पास खुद के नाम पर 120 ग्राम और पत्नी के नाम पर 1.24 किलोग्राम सोना है। डेढ़ करोड़ रुपए की जमीन और कुल 2.01 करोड़ की अचल संपत्ति इनके पास है। दस साल से भोपाल के एमएलए रेस्ट हाउस में खंड क्रमांक एक के कक्ष 11 का उपयोग किए जाने की जानकारी भी इन्होंने चुनाव आयोग को दी है। शेखावत ने अपने पास कोई वाहन नहीं होने और एक रिवाल्वर होने की भी जानकारी दी है।

### सूर्यप्रकाश मीणा के पास नकद 17 लाख

पूर्व मंत्री और शमशाबाद से बीजेपी कैंडिडेट सूर्य प्रकाश मीणा के पास 16.84 लाख और पत्नी के पास 5 लाख रुपए नकद है। वाहनों में एक ट्रेक्टर उनके पास है और मीणा के पास 9 तोला व उनकी पत्नी के पास 26 तोला सोना है। मीणा पॉइंट 32 बोर की रिवाल्वर और 12 बोर की दो नाल बंदूक भी रखते हैं। इनके पास खुद के नाम पर 2.08 करोड़ और पत्नी के नाम 55 लाख की चल संपत्ति तथा मीणा के नाम पर 97 लाख व पत्नी के नाम पर 1.16 करोड़ रुपए का लोन भी बताया गया है। यह लोन वेयर हाउस के नाम पर है।

### जर्मन रिवाल्वर रखने वाले प्रहलाद कर्जदार भी

नरसिंहपुर से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपनी संपत्ति की जानकारी दी, जिसमें बताया कि उनके पास टाटा सफारी वाहन है और 120 ग्राम सोना है। उनकी पत्नी के पास 105 तोला सोना है। मेड इन जर्मन रिवाल्वर और एनपी बोर राइफल भी है। उनके पास कुल चल संपत्ति 86.33 लाख और पत्नी के पास 1.33 करोड़ की है। पटेल के पास खुद के नाम पर 2.7 करोड़ और पत्नी के नाम पर 4 करोड़ की अचल संपत्ति है। शपथ पत्र में बताया गया है कि वेयर हाउस के लिए 1.41 करोड़ का कर्ज ले रखा है।

### महंगी कारों के शौकीन उदय की पत्नी के पास भी फार्च्यूनर

सांसद और भाजपा के गाडरवारा से प्रत्याशी राव उदय प्रताप सिंह महंगी गाड़ियों के शौकीन हैं। उनके पास खुद के नाम पर एक एंडेवर, एक बीएमडब्ल्यू कार, एक ट्रेक्टर, पत्नी के नाम पर एंडेवर और फार्च्यूनर कार है। राव उदय प्रताप के पास 68 तोला सोना और पत्नी के पास 92 तोला सोना है। कुल चल संपत्ति 1.65 करोड़ और अचल संपत्ति 2.75 करोड़ रुपए की है। पत्नी के नाम पर 15 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। 315 बोर की राइफल और पॉइंट 32 पिस्टल भी रखते हैं।

# किसानों को 2 घंटे ही मिल रही बिजली

### मोहराई के किसानों ने बिजली कंपनी का दफ्तर घेरा, बोले- हमें 9 घंटे बिजली चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। जिले के कोलारस तहसील के मोहराई में ग्रामीणों ने बिजली कटौती से परेशान होकर कस्बे के बिजली ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि बुआई और सिंचाई के लिए 9 घंटे की बजाय महज 2 घंटे ही बिजली की सप्लाई की जा रही हैं। जिससे फसलों की बुआई और सिंचाई नहीं हो पा रही हैं।**



ग्रामीण कप्तान सिंह धाकड़ ने बताया कि सरकार की ओर से बिजली पंप फीडर से 9 घंटे की बिजली सप्लाई का प्रावधान है। लेकिन मोहराई गांव में 2 घंटे ही बिजली मिल रही है। किसान रात-रातभर जागकर बिजली आने का इंतजार कर रहे हैं। पिछले 15 दिनों से यही सिलसिला जारी है।

यही वजह है कि 15 दिनों में हर किसान की सिर्फ 2 बीघा जमीन ही सिंचित हो पाई हैं। इससे किसानों का समय बर्बाद हो रहा है। साथ ही फसल में भी देर हो रही है। इससे आगे किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। क्षेत्र के लाइन मैन से शिकायत करते हैं तो वह लाइन फॉल्ट बताकर पल्ला झाड़ लेता है। इस समस्या से परेशान गांव के करीब 50 ग्रामीण एकजुट होकर बिजली ऑफिस पहुंचे। किसानों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया है।

**बेटी की जगह मंत्री बिसेन ने भरा नामांकन, बोले-**

# मौसम की तबीयत खराब है, गधे पर बैठकर फॉर्म भरने पहुंचा निर्दलीय प्रत्याशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट। बालाघाट विधानसभा से मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने गुरुवार को नामांकन भरा। जबकि भाजपा ने यहां से उनकी बेटी मौसम को प्रत्याशी बनाया है। बिसेन का कहना है कि बेटी की तबीयत खराब है, आगे कोई परेशानी न हो इसलिए उन्होंने फॉर्म भरा है। बेटी की तबीयत ठीक होते ही वह फॉर्म भर देगी। मौसम बिसेन सिकलसेल से पीड़ित हैं।**

### छिंदवाड़ा में कमलनाथ ने भरा नामांकन

पीसीसी चीफ कमलनाथ ने छिंदवाड़ा सीट से नामांकन भर दिया है। वे कार्यकर्ता और समर्थकों की भारी भीड़ के साथ नॉमिनेशन करने पहुंचे। बेटे छिंदवाड़ा सांसद नकुल नाथ भी साथ रहे।



### राघोगढ़ में जयवर्धन सिंह ने परिवार के साथ भरा नामांकन

जयवर्धन सिंह ने गुना जिले की राघोगढ़ विधानसभा से नॉमिनेशन किया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी साथ में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। लक्ष्मण सिंह ने चांचौड़ा विधानसभा से नॉमिनेशन किया। इस दौरान लक्ष्मण सिंह की पत्नी रुबीना सिंह, जयवर्धन सिंह की पत्नी सृजाम्या सिंह और उनके बेटे सहस्त्रजय सिंह भी मौजूद रहे।



### बुरहानपुर में बैलगाड़ी और गधे से पहुंचे प्रत्याशी

बुरहानपुर में गुरुवार को नामांकन जमा करने के लिए दो प्रत्याशी अनोखे अंदाज में पहुंचे। निर्दलीय प्रत्याशी प्रियांक सिंह ठाकुर गधे पर तो कांग्रेस प्रत्याशी ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा भैया बैलगाड़ी पर सवार होकर रिटर्निंग ऑफिस पहुंचे।

निर्दलीय प्रत्याशी का कहना है कि हमें नेता 5 साल गधा समझते हैं, इसलिए इस तरह नामांकन जमा करने पहुंचे। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह ने कहा भाजपा की सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम इतने बढ़ा दिए कि हमें बैलगाड़ी पर आना पड़ रहा है।

### भोपाल में स्कूटी से पहुंचे विश्वास सारंग

भोपाल से भाजपा प्रत्याशी हुजूर से रामेश्वर शर्मा, गोविंदपुरा से कृष्णा गौर और नरेला से विश्वास सारंग ने आज नामांकन दाखिल कर दिया। भोपाल उत्तर से कांग्रेस के प्रत्याशी आतिफ अकील, नरेला से मनोज शुक्ला और भोपाल दक्षिण-पश्चिम से पीसी शर्मा ने नामांकन जमा किया। विश्वास सारंग ने नामांकन से पहले छोला स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में पूजा की। इसके बाद स्कूटी से नामांकन दाखिल करने एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

# ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी रिश्वत लेते पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। लोकायुक्त पुलिस ने गुरूवार को शहर में कार्रवाई करते हुए बड़नगर में पदस्थ ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी को सब्सिडी के एवज में 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दो भाइयो से 63 हजार की रिश्वत की मांग की थी। खास बात ये कि आरोपी ने लोकायुक्त कार्यालय से महज 200 मीटर की दूरी पर रिश्वत ले भी ली। लोकायुक्त ने उसे रंगेहाथो रिश्वत लेते दबोच लिया।**

ग्राम मलोड़ा तहसील बड़नगर निवासी राहुल पाटीदार और परमानंद पाटीदार ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि पाली हाउस में उच्च कोटी की सब्जी उगाने पर मिलने वाली सब्सिडी पास करने के लिए बड़नगर में पदस्थ ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी शैतान सिंह निनामा द्वारा 15 प्रतिशत राशि की रिश्वत स्वरूप मांग की जा रही है। इस पर से उक्त शिकायत सत्यापन के बाद गुरुवार को ट्रेप आयोजित कर आरोपी निनामा को 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान ने बताया कि निनामा द्वारा राहुल पाटीदार एवं उनके रिश्ते के भाई परमानंद पाटीदार से 4 लाख 20 हजार की सब्सिडी उनके खाते में डालने के लिये 63 हजार रुपए रिश्वत मांगी जा रही है। राहुल पाटीदार के कहने पर निनामा 50 हजार की रिश्वत में सौदा तय हुआ। इसमें से 20 हजार की राशि गुरुवार को एवं शेष राशि खाते में सब्सिडी ट्रांसफर होने के उपरांत दिया जाना तय हुआ।

**लोकायुक्त कार्यालय के सामने मांगी रिश्वत-** फरियादी राहुल का एक पाली हाउस है जो 2 हजार वर्ग मीटर में और परमानंद के दो पोली हाउस है जो की 4 हजार वर्ग मीटर पर है इन दोनों पर सब्सिडी 4 लाख 20 हजार रुपए बनी थी। जिसको देने के एवज में आरोपी शैतान सिंह ने 15 प्रतिशत रिश्वत 63 हजार की मांग कर रहे थे। जिसके बाद पहले 20 हजार रुपए देने की बात तय हुई। गुरुवार को 20 हजार लेकर आरोपी ने दोनों भाई को बड़नगर बुलाया। बाद में आरोपी ने कहा की में उज्जैन ऑफिस में हूँ आप कोठी रोड स्थित कार्यालय आ जाओ। यही पर लोकायुक्त कार्यालय के पास आरोपी ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी शैतान सिंह को रंगे हाथों रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया गया।

# नेशनल हाइवे पर भिड़ीं 2 कारें, बड़ा हादसा टला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर**। शाजापुर में एनएच-52 पर गुरूवार शाम 2 कारों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें एक कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि वाहन में सवार लोग सुरक्षित हैं। लेकिन वाहनों की हालत देखकर हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, एक कार सारंगपुर की ओर से तो दूसरी मक्सी की ओर से आ रही थी। कारें शांति वन के सामने पुलिया पर पहुंचीं तो उनमें जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर जाम लग गया। इधर, हादसे में एक कार चालक के हाथ में मामूली खरोंच आई है। सूचना मिलने पर पहुंची यातायात पुलिस ने जाम खुलवाया। हादसे में मामूली घायल को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार देकर डिस्चार्ज कर दिया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

## New Delhi

# दिवाली से पहले बिगड़ी दिल्ली की आबोहवा, खराब श्रेणी में पहुंचा AQI; अभी राहत के आसार कम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पर्वतीय क्षेत्रों से आई सर्द हवाओं ने राजधानी दिल्ली की आबोहवा बिगाड़ दी है। सफर इंडिया के मुताबिक दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी हुई है, शुक्रवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 249 दर्ज किया गया। बढ़ते प्रदूषण के प्रभाव को कम करने के लिए दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) का दूसरा चरण लागू किया गया है।

सफर के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली विश्वविद्यालय के आसपास हवा की गुणवत्ता आज सुबह 307 (बहुत खराब) दर्ज की गई, जबकि नई दिल्ली में आईआईटी क्षेत्र में 273 थी, और लोधी रोड में हवा की गुणवत्ता 218 दर्ज की गई थी। इसके अलावा, आंकड़ों के अनुसार, नोएडा में एक्यूआई 208 (खराब) और गुरुग्राम में 252



(खराब) दर्ज किया गया। प्रदूषण को कम करने के लिए गुरुवार को आनंद विहार इलाके में एंटी स्मॉग गन से पानी का छिड़काव किया गया। चूंकि पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में पराली जलना जारी है, इसलिए राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गुणवत्ता पिछले कुछ दिनों में खराब हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अब तक पराली जलाने के 2,500 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।

## Jharkhand

### 15 नवंबर को झारखंड आएंगे पीएम मोदी, बिरसा मुंडा के जन्मस्थान से शुरू करेंगे भारत संकल्प यात्रा

**रांची, (एजेंसी)** केंद्र सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और उनके लाभों को सीधे जनता तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को झारखंड से करेंगे। भगवान बिरसा मुंडा जयंती-जनजाति गौरव दिवस पर खूंटी में उनके जन्मस्थान उलिहातु से शुरू होने वाली यह यात्रा 25 जनवरी 2024 तक चलेगी। इस दौरान जनता के बीच सूचना, संचार व शिक्षा (आईईसी) वैन देशभर में घूमेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में 2500 व शहरी क्षेत्रों में 200 वैन जाएंगी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा है कि यह यात्रा पूरी तरह से सरकारी है। इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना है। 15 नवंबर से शुरू होने वाली यह यात्रा पहले आदिवासी क्षेत्रों में जाएगी और 22 नवंबर के बाद पूरे देश में निकलेगी। इस यात्रा के दौरान हर ग्राम पंचायत व शहरी क्षेत्र में हर नगरपालिका को कवर किया जाएगा। जिन राज्यों में चुनाव है, वहां पांच दिसंबर के बाद यात्रा शुरू होगी।

## Bihar

### जमीनी विवाद में एक महीने की बच्ची की हत्या, दरभंगा में दिल दहला देने वाली वारदात

**दरभंगा, (एजेंसी)** बिहार के दरभंगा जिले से हत्या की दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है. यहां जमीनी विवाद में एक महीने की बच्ची की जमीन पर पटककर हत्या कर दी गई. पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी. दरअसल, सिंहवारा थाना क्षेत्र के भरवारा गांव में रविशंकर सिंह और रीता देवी के बीच जमीनी विवाद चल रहा है. रविशंकर का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाली रीता देवी और उसके बेटे अनूप कुमार ने घर में घुसकर बेटी को जमीन पर पटक दिया. इसके बाद फरार दोनों फरार हो गए. पुलिस को सूचना देने के साथ ही पीड़ित परिवार बच्ची को लेकर दरभंगा DMCH अस्पताल पहुंचा. वहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया. बताया जा रहा है कि दो महीने पहले रीता देवी और रविशंकर सिंह के बीच जमीन को लेकर जमकर मारपीट हुई थी. इस मारपीट को लेकर दोनों तरफ से सिंहवारा थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई थी.

## Uttarpradesh

### किशोरी को जिंदा जलाया : थाने से 140 मीटर दूर सनसनीखेज वारदात, पिता बोले- हमारी सुनी जाती तो बिटिया जिंदा होती...

**अमेठी, (एजेंसी) अमेठी के बाजार शुकुल में दिल दहला देने वाली वारदात में शोहदों ने एक किशोरी को उसके घर की छत पर सरेशाम जिंदा जला दिया गया। अस्पताल में पीड़िता ने दम तोड़ दिया। मृतका के पिता का कहना है कि उसकी बेटी को कुछ युवक स्कूल जाते समय परेशान करते थे, इस वजह से घटना को अंजाम दिया गया है।**

आरोप लगाया कि पुलिस से कई बार मौखिक शिकायत की गई लेकिन, समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया जाता था। हालांकि पुलिस इस मामले में अभी कारण स्पष्ट न होने की बात कह रही है। बाजार शुकुल कस्बा निवासी पिता बुधवार देर शाम घर के पास ही स्थित बैंक गए थे। इसी बीच उनके भतीजे ने उन्हें घर में आग लगने की सूचना दी। वह घर पहुंचे तो देखा कि छत पर उनकी 16 वर्षीय पुत्री लपटों से घिरी थी। आनन-फानन परिजन किशोरी को लेकर सीएचसी बाजार शुकुल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जब उनकी पुत्री जल रही थी तो उन्होंने 7-8 लोगों को छत से कूदकर भागते हुए देखा।

## खेल

# श्रीलंका ने 5वें वर्ल्ड कप में अंग्रेजों का किया हाल-बेहाल, इंग्लैंड को 27 साल बाद लगातार तीन मैचों में मिली हार

नई दिल्ली। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में इंग्लैंड को श्रीलंका ने लीग मैच में 8 विकेट से हरा दिया। इस मैच में इंग्लैंड की टीम 33.2 ओवर में 156 रन पर सिमट गई थी और इसके बाद श्रीलंका ने पथुम निसांका के नाबाद 77 रन जबकि सधीरा सामाराविक्रमा के नाबाद 65 रन की पारी के दम पर 25.4 ओवर में 2 विकेट पर 160 रन बनाकर इंग्लिश टीम को 8 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड की यह 5वें मैच में चौथी हार थी और इस मैच में कहीं से भी नहीं लगा कि यह टीम वनडे वर्ल्ड चैंपियन है। इस टीम के बल्लेबाजों के फ्लॉप होने के बाद गेंदबाज भी 158 के स्कोर को डिफेंड नहीं कर पाए।

वनडे वर्ल्ड कप में यह लगातार 5वां मौका था जब श्रीलंका ने इंग्लैंड को हरा दिया।




श्रीलंका ने जिस सफर की शुरुआत साल 2007 में की थी और इंग्लैंड को 2 विकेट से हराया था वह जारी रहा और इंग्लिश टीम अपने खराब रिकॉर्ड को इस बार भी बदलने में कामयाब नहीं हो पाई। साल 2011 में श्रीलंका को 10 विकेट से जबकि 2015 में 9 विकेट से जीत मिली थी। साल 2019 में श्रीलंका ने इंग्लैंड को 20 रन से हराया था तो वहीं इस बार इंग्लिश टीम को 8 विकेट से हार मिली।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम को इस वनडे वर्ल्ड कप में 5 में अब तक 4 मैचों में हार मिली है जिसमें तीन मैचों में उसे लगातार हार मिली है। इंग्लैंड के साथ वनडे वर्ल्ड कप 1996 में ऐसा हुआ था जब उसे लगातार 3 मैचों में हार मिली थी और उसके बाद अब जाकर यानी 27 साल के बाद इस टीम को वनडे वर्ल्ड कप में लगातार तीन मैचों में हार मिली। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में इंग्लैंड को पहले मैच में न्यूजीलैंड ने 9 विकेट से हराया था। फिर दूसरे मैच में इंग्लैंड को बांग्लादेश के खिलाफ 137 रन से जीत मिली थी, लेकिन इसके बाद तीसरे मैच में उसे अफगानिस्तान ने 69 रन से हराया था। चौथे मैच में साउथ अफ्रीका ने उसे 229 रन से हराया था जबकि पांचवें मैच में उसे 8 विकेट से श्रीलंका ने हराया।

## सिनेमा

### ऑडिशन में आपको एहसास कराई जाती हैं कमियां, तय पैमाने पर फिट होना जरूरी, बोलीं राधिका मदान

राधिका मदान को इंडस्ट्री में एक लंबा वक्त हो गया है. हालांकि करियर की शुरुआती दौर में राधिका को बहुत अतरंगी ऑडिशनों से भी गुजरना पड़ा था. ग्लैमर इंडस्ट्री में अक्सर अपनी कमियों को छिपाने वाले एक्टर्स के बीच राधिका ने सोशल मीडिया पर अपनी बॉडी टाइप, हाइट और लुक्स को लेकर एक खूबसूरत पोस्ट भी किया था.



अपने ऑडिशन एक्सपीरियंस पर राधिका कहती हैं, 'हम ऐसी इंडस्ट्री में हैं, जहां लगभग हर दिन हमें आईना दिखाया जाता है. आप रोज लोगों की अलग-अलग धारणाओं को फेस करते हैं. हर किसी के पास आपको लेकर एक ओपिनियन तो होगा ही. बहुत जरूरी है कि हम इस इंडस्ट्री में कुछ ओरिजनल लेकर आए, यह किसी के जिद् से ही पूरी हो पाएगी. वो क्रांति आनी जरूरी है. वर्ना आप भी उसी भीड़ का हिस्सा बनकर रह जाएंगे. आपको अपना खांचा खुद बनाना है, तो जद्दोजहद करनी ही पड़ेगी.'

राधिका कहती हैं, 'मेरी समझ में तो मैं यही मानती हूं कि कोई रूल बुक नहीं होता है. आपको खुद पर काम करने की जरूरत होती है. ढर्रे पर चलने वालों की समय सीमा बहुत कम होती है. आपको रोजाना कुछ नया ऑफर करना होगा, तब ही सरवाइव की गुंजाइश बचती है. नया ऑफर तब ही किया जा सकता है, जब आप खुद के टच में हो, खुद को एक्सेप्ट करें. समझें कि आप कैसे सबसे अलग हैं. इंडस्ट्री यही चीज आपको कुछ सालों में सिखा देती है, जिसे समझने में शायद जिंदगी लग जाए.

## संपादकीय

# केवल घोषणाओं से समस्या का हल नहीं

प्रदूषण रोकने के लिए जरूरी है कि सड़क पर चल रहे वाहनों की संख्या और उसके प्रकार को नियंत्रित करना। फिर धूल-रोधी यंत्रों के जरिए भी प्रदूषण की लगाम थामने की कोशिश की जाती है। कुछ समय पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री ने प्रदूषण पर काबू पाने के लिए कृत्रिम बारिश कराने की भी बात की थी। मगर केवल घोषणाओं के जरिए किसी भी समस्या से पार पाना संभव नहीं होता है। इस वर्ष एक बार फिर नवंबर से पहले ही दिल्ली की हवा में प्रदूषण घुलने का जो स्तर देखा जा रहा है, अगर वह किसी तरह नियंत्रित नहीं हुआ तो आने वाले दिन दिल्ली में रहने वाले लोगों के लिए मुश्किल साबित हो सकते हैं। अभी ही हालत यह है कि दिल्ली की हवा खतरनाक स्तर तक जाने लगी है और यहां कई इलाकों में बुजुर्गों और बच्चों को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जबकि फिलहाल यह ठंड के मौसम का शुरूआती दौर है। गौरतलब है कि अक्तूबर से ही दिल्ली में हवा का घनीभूत होना शुरू हो जाता है और इसके साथ ही धूल और धुएं की वजह से प्रदूषण की समस्या जटिल होनी शुरू हो जाती है। जाहिर है, इसमें धूल और धुएं के स्रोतों की पहचान और उसे नियंत्रित करना एक तात्कालिक जरूरत होती है। गत दिनों दिल्ली सहित समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा ह्यबहुत खराबह्न श्रेणी में दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली यानी ह्यसफरह्न के मुताबिक महानगर में इस दिन सुबह एक्यूआइ यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक 309 और कुछ इलाकों में 335 तक पहुंच गया था। यह स्थिति तब है जब दिल्ली में पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए भी कुछ कदम उठाए गए थे। इससे उपजी समस्या का सामना करने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से ह्यग्रेप- 2ह्न की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। इसके तहत डीजल जेनरेटर के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाने के साथ-साथ गाड़ियों की पार्किंग में शुल्क बढ़ा दिए जाते हैं। सीएनजी, इलेक्ट्रिक बसें और मेट्रो सेवाओं की आवृत्ति में बढ़ोतरी कर दी जाती है, ताकि लोग निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें। इसके अलावा कई अन्य उपाय भी किए जाते हैं और सांस या दिल के मरीजों को घर से नहीं निकलने की सलाह दी जाती है।

### Quote...

"It is during our darkest moments that we must focus to see the light."

-Aristotle

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

"भाग जाना बहुत ही आसान हैं, पर जाग जाना बहुत कठिन हैं, आप भागो मत बल्कि जागो।"

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# जानिए उस दिलेर महिला पुलिसकर्मी के बारे में जिन्होंने सीएम को किया था गिरफ्तार

भारत में नारी को देवी का स्वरूप माना जाता है। एक महिला जननी, मां होती है लेकिन समय आने पर काली व चंडी भी बन सकती हैं। देश में कई ऐसी होनहार और जांबाज महिलाएं हैं जो राष्ट्र, समाज की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। पुलिस विभाग में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या पुरुषों की तुलना में भले ही कम हो लेकिन लगन और निष्ठा में वह किसी भी पुरुष से पीछे नहीं हैं। इन्हीं खाकीधारी महिलाओं में शामिल हैं डी रूपा। आईपीएस डी रूपा के नाम कई उपलब्धियां हैं। उनकी दिलेरी के किस्से सुन न केवल पुलिसकर्मी, बल्कि हर महिला गर्व करेगी। अपराधी उनसे थरथर कांपते हैं। ईमानदारी और ड्यूटी के प्रति उनकी निष्ठा का पता इस बात से चलता हैं कि 20 साल के करियर में 40 बार आईपीएस डी रूपा का ट्रांसफर किया गया। चलिए जानते हैं कौन हैं आईपीएस डी रूपा मोदगिल? कैसा रहा उनका पुलिस विभाग में अब तक का करियर? जानते हैं आईपीएस डी रूपा के बहादुरी के किस्से।



### ◆ आईपीएस डी रूपा का जीवन परिचय

डी रूपा का पूरा नाम रूपा दिवाकर मोदगिल है। डी रूपा साल 2000 बैच की आईपीएस ऑफिसर हैं और कर्नाटक पुलिस विभाग में पोस्टेड हैं। डी रूपा का जन्म कर्नाटक के दावणगेरे में हुआ था। उनके पिता का नाम जे एच दिवाकर है जो कि एक रिटायर इंजीनियर हैं। डी रूपा ने कर्नाटक के ही कुवेम्पु विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई गोल्ड मेडल के साथ पूरी की। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु के विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में एमएससी किया।

### ◆ डी रूपा की पहली पोस्टिंग और करियर

साल 2000 में उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 43 हासिल की। इसके बाद हैदराबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी से ट्रेनिंग ली। ट्रेनिंग के दौरान अपने बैच में डी रूपा की 5वीं रैंक आई थी। इसके बाद उन्हें कर्नाटक कैडर में शामिल कर लिया गया। डी रूपा की पहली पोस्टिंग कर्नाटक के धारवाड़ जिले बतौर एसपी हुई। इसके बाद गदग जिले, बीदर और यादगीर जिले में भी एसपी के तौर पर कार्यरत रहीं। उन्होंने साल 2003 में आईएएस अधिकारी मुनीश मौदगिल से शादी कर ली।

### ◆ मुख्यमंत्री को किया था गिरफ्तार

डी रूपा के काम करने के तरीके से अपराधी डरते थे लेकिन वह उस समय चर्चा में आई जब साल 2007 में उन्होंने मध्य प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री उमा भारती को गिरफ्तार कर लिया था। इसके एक साल बाद 2008 में डी रूपा ने पूर्व मंत्री यावगल को गिरफ्तार किया था। इतना ही नहीं इसी मामले में उन्होंने अपने विभाग के डीएसपी श्री मासुटी को भी सस्पेंड कर दिया।

### ◆ आईपीएस डी रूपा के नाम उपलब्धि

आईपीएस डी रूपा ने अपने करियर में कई ट्रांसफर झेले। कई अपराधियों की धमकियां सुनी। पॉलिटिकल करप्शन के खिलाफ आवाज उठाई। अपने ही विभाग के घोटालेबाज वरिष्ठ और अधीनस्थ कर्मचारियों के नाम उजागर किए। तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की सहयोगी वी के शशिकला पर कर्नाटक जेल के अधिकारियों के साथ अधिमान्य व्यवहार के आरोप लगाए थे। डी रूपा अपने राज्य में गृह सचिव के पद पर आसीन होने वाली पहली महिला हैं। वह देश की पहली महिला पुलिस अधिकारी भी हैं, जिन्हें पुलिस डिविजन में साइबर क्राइम की कमान सौंपी गई थी।

## Highlights

- When will humanity wake up?: Priyanka on 'bloodshed' in Gaza
- Man's False Claims Stir Communal Tensions
- Mystery: Tharoor on case of 8 Indians given death penalty in Qatar
- Massive crowd seen in Bengaluru Metro in viral video; people react
- Police constable thrown in air after speeding SUV hits him at checkpost in Delhi

# Mamaearth parent Honasa Consumer's 3-day IPO from Oct 31: All you need to know

**NEW DEIHI, (Agency).** Honasa Consumer Limited, the parent firm of Mamaearth, will launch its initial public offering (IPO) on October 31 and close it on November 2. Honasa, which is based in Gurugram and was launched in 2016 by husband-wife duo Varun and Ghazal Alagh, aims to raise 365 crore through the IPO, with 4,12,48,162 equity shares to be offered for sale.




Price band

The issue has a price band of ₹308-324 per equity share at face value of ₹10 each. The lot size, meanwhile, is 46 equity shares, and, after that, in multiple of 46 equity shares.

Share reservation

For qualified institutional buyers (QIBs) not less than 75% shares have been reserved. Not more than 15% of the offer is reserved for non-institutional investors (NIIs) and not more than 10% for retail investors.

Eligible employees bidding in the employee reserve portion will get a 30% discount per equity share.

Important dates

Honasa Consumer IPO will open for subscription on October 31, with the issue closure date being November 2. The allocation to anchor investors is scheduled for October 30.

Offer for sale (OFS)

While Honasa promoter Varun Alagh will sell 31,86,000 shares, Ghazal Alagh is offering up to 100,000 shares. Other shareholders, including Kunal Bahl, Shilpa Shetty Kundra, Rishabh Harsh Mariwala, Fireside Ventures Fund, Sofina, Stellaris, and Rohit Kumar Bansal, too will sell their respective stakes in the OFS.

Net proceeds to be used for...

The beauty and personal care firm will use these towards advertising expenses to improve awareness and brand visibility; setting up new exclusive brand outlets, investment in its subsidiary BBlunt for setting up new salons, general corporate purposes, and inorganic acquisition.

# Adani Group to raise $4 billion to fund green hydrogen plans

**NEW DEIHI, (Agency).** India's Adani Group is looking to raise as much as $4 billion to fund its green hydrogen plans, Bloomberg News reported on Thursday.

Adani Enterprises' unit Adani New Industries, which is in early-stage discussions with several lenders, will raise the money from domestic and international banks, the report said, citing people familiar with the matter.




We're now on WhatsApp. Click to join.

The billionaire Gautam Adani-controlled Adani Group did not immediately respond to Reuters' request for comment.

In September, French oil major TotalEnergies said it will invest $300 million to form a joint venture with Adani Green Energy to build renewable capacity in India.

Adani New Industries will conduct the fresh capital raise independent of Total, Bloomberg said.

A 1 million metric ton per annum green hydrogen facility in the western state of Gujarat will be among the first few projects to receive the capital, the report said.

The facility is slated to start production in 2027, according to the report.

# दो मासूम भाइयों की मौत

## बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सिमरोल के पास एक टाउनशिप में मजूदरी करने आए परिवार के दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दोनों को गुरुवार को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल लाए लेकिन यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर शाम शव परिजनों को सौंप दिए।**

एमवाय चौकी पुलिस के मुताबिक घटना शेल सिटी की है। यहां टाउनशिप निर्माण का काम चल रहा है। यहीं अपने माता-पिता के साथ रहने वाले अरविंद (7) और उसका भाई अश्विन (4) खेल रहे थे। उनके साथ दूसरे बच्चे भी थे। लेकिन दोनों की डूबने से मौत हो गई। परिचित ने बताया कि जहां काम चल रहा था। उसके पास ही एक गड्ढे में बारिश का पानी जमा हो जाता है। इसी में दोनों सगे भाई डूबे हैं।

परिचित ने बताया कि दिन में खाने की छुट्टी के बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे मजदूर वापस लौटे तो दोनों बच्चे दिखाई नहीं दिए। उनके साथ खेलने वाला बच्चा अपने घर में जाकर बैठ गया। काफी देर तक माता-पिता को बच्चे नहीं दिखे तो 8 साल के बच्चे से पूछा। उसने बताया कि दोनों गड्ढे में गिर गए।

बच्चे के पिता प्रताप का कहना है कि जिस छोटी गाड़ी में वह माल रखकर ले जाते हैं। वहीं बच्चे खेल रहे थे। उन्होंने अरविंद और अश्विन को उस पर ले जाते देखा था। बाद में बच्चा गाड़ी को खेलने के दौरान गड्ढे के यहां तक ले गया। जिसमें गाड़ी का संतुलन बिगडऩे से वह उल्टी हो गई। दोनों बच्चे अंदर ही रह गए। प्रताप के परिवार के लोगों ने बताया कि कुछ माह पहले प्रताप का अपने पिता से झगड़ा हुआ। इसके बाद दोनों बच्चे और पत्नी सीमा को लेकर वह इंदौर काम के लिये आ गया। यहीं रहकर मजूदरी करने लगा। परिवार शिवपुरी के पास सिहोरा ग्राम का रहने वाला है।

## शातिर चोर से पांच वारदातों का माल बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लसूडिय़ा पुलिस ने एक शातिर चोर को गिर तार कर उससे पांच नकबजनी की वारदातों का माल बरामद किया है। आरोपी महंगी शराब पीने का आदी है और इसीलिए वारदातों को अंजाम देता था। लसूडिय़ा पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र का शातिर चोर दुर्गेश सालवी,न्यू लोहा मंडी स्थित चद्दर का मकान पिछले कई दिनों से क्षेत्र के सूने मकानों में ताला तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा है। आज भी चोरी की फिराक में वह कैलोद हाला स्थित रेलवे फाटक के पास खड़ा है। सूचना पर शातिर चोर दुर्गेश को पडक़र पूछताछ की गई तो उसने कई नकबजनी की वारदातें कबूलीं। पुलिस ने पांच वारदातों का माल बरामद किया है। आरोपी ने फिनिक्स टाउनशिप, सैटेलाइट जंक्शन, इंडस सैटलाइट एवं स्कीम 114 स्थित पांच मकान से सोने चांदी के आभूषण व नगदी चोरी करना कबूला आरोपी से चोरी गया माल 20 ग्राम सोने के आभूषण तथा 200 ग्राम के करीब चांदी के आभूषण जप्त किए गए ।

# ब्लेकमेल कर लाखों रुपए वसूलने वाली गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजयनगर पुलिस ने पूर्व पार्षद के बेटे को ब्लैकमेल कर 20 लाख रुपए की वसूली करने वाली युवती को गिर तार किया है। पुलिस ने दस माह पूर्व केस दर्ज किया था।**

टीआइ रवींद्र गुर्जर ने बताया कि तिलकमार्ग नागदा निवासी टीकाराम टटावत के बेटे महेश टटावत की शिकायत पर जनवरी में ब्लैकमेलिंग का केस दर्ज हुआ था। नागदा में रहने वाली युवती उसकी दोस्त रही और वे लिव इन में भी रहे। महेश के मुताबिक युवती उसके खिलाफ रेप की शिकायत कर ब्लैकमेल करती है। वह अभी तक कई बार में करीब 20 लाख रुपए ले चुकी है। कुछ पुलिसकर्मी भी राजीनामे के नाम पर उससे पैसा लेते रहे हैं। वहां स्वयं को नाबालिग बताते हुए शिकायत दर्ज करवाती थी। इस युवती ने 4 जुलाई 2022 को विजयनगर में एक शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह नाबालिग है और महेश के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया जाना चाहिए। महेश ने दिसंबर 2016 में उसके साथ दुष्कर्म किया है। युवती इसके पूर्व भी सितंबर 2018 में महेश के विरुद्ध नागदा में शिकायत कर चुकी थी। इसके आधार पर ही युवती महेश को ब्लैकमेल करती थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रसाधन कक्ष के अश्लील चित्रों-नारों पर चलाई कूची

**इंदौर**। ऑपरेशन क्लीन ऑफ माइंड अभियान के तहत महिला थाने की टीम संजय सेतु स्थित प्रसाधन कक्षों में पहुंची और नारी स मान के विपरीत लिखें नकारात्मक विचारों की गंदगी पर सफाई की कूची चलाई। महिला सुरक्षा शाखा के मार्गदर्शन में महिला पुलिस थाना द्वारा सामाजिक जनजागरूकता अभियान ऑपरेशन क्लीन ऑफ माइंड चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को महिला थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में टीम संजय सेतु क्षेत्र में पहुंची और वहां पर प्रसाधन कक्षों को चेक किया तो शौचालय की दीवार पर अभद्र-अश्लील शब्द व चित्र मिले, जिन्हें पेंट आदि से साफ कर यह संदेश दिया कि हमें लोगों की नकारात्मक सोच को साफ करना है।

## तीन स्थाई वारंटी पकड़ाए

**इंदौर**। आगामी विधान सभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत सांवेर थाना प्रभारी मोहन मालवीय के निर्देशन में तीन स्थाई वारंटी जिसमें रवि पिता रमेश परमार उम्र 32 साल निवासी इंदौर, सौदान पिता बोंदाजी चमार उम्र 60 साल निवासी सांवेर, मनोज पिता सौदान चमार 30 साल निवासी सांवेर को पकड़ा। इसमें न्यायालय द्वारा स्थाई वारंटी रवि परमार को उप जेल सांवेर भेजा गया व स्थाई वारंटी सौदान व मनोज को जमानत पर रिहा किया गया।

## मकान के लिए जीजा ने मारे चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। द्वारकापुरी इलाके में साले पर उसके जीजा ने ही चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीडि़त ने अपने जीजा को मकान खाली करने को कहा था। द्वारकापुरी थाने में फरियादी बच्चा सोलंकी निवासी दिग्विजय मल्टी की शिकायत पर उसके जीजा राजा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी बच्चा ने पुलिस को बताया कि उसके फ्लैट में उसका जीजा राजा रह रहा है। उसने अपने जीजा से कहा कि वह फ्लैट खाली कर दे। वह खुद रहने आ रहा है। इसी बात को लेकर जीजा राजा नाराज हो गया। उसने विवाद करते हुए बच्चा पर चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव करने परिवार की निशा और गोलू आए तो उन्हें भी घायल किया है

## 5 आदतन बदमाशों पर रासुका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आपरेशन क्राइम कंट्रोल के तहत मादक पदार्थ की तस्करी के आदतन आरोपी मैथ्यू डेनियल, सादिक उर्फ बारीक ,जाफर,नीरज और आकाश पर रासुका की कार्रवाई कर भोपाल जेल भेज दिया गया है। शहर में आपरेशन स्वीप में 5 आदतन आरोपियों जिनके विरुद्ध पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी जैसे गंभीर अपराध पंजीबद्ध हैं एवं समाज में लोक शांति भंग करने की अधिक स भावना के आधार पर इंदौर पुलिस के माध्यम से संभाग आयुक्त द्वारा एनडीपीएस निवारण अधिनियम के तहत रासुका की कार्यवाही कर सभी आरोपियों को भोपाल जेल भेज दिया गया है।

# शादी से इनकार करने पर छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शादी से इनकार करने पर युवती को मंगेतर ने इतना परेशान किया कि उसे पुलिस की शरण लेना पड़ी। अब दूल्हे के खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज हुआ है। राऊ थाने में एक पीडि़ता की शिकायत पर आरोपी सौरभ जैन निवासी गांधीनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। लडक़ी की रिश्ता सौरभ से तय हुआ था। लेकिन उसके घर वालों को पता लगा कि सौरभ के चाल चलन ठीक नहीं है, इस पर रिश्ता तोड़ दिया। इसी बात पर आरोपी नाराज हो गया और उसने लडक़ी को परेशान करना शुरू कर दिया। आए दिन वह उसका पीछा करने लगा और गलत हरकत भी करने लगा परेशान होकर लडक़ी ने अब थाने में शिकायत की है।

# सूने मकान से चोरों ने उड़ाए काजू-बादाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चंदन नगर इलाके में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया और पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। चोरों को यहां कुछ नहीं मिला तो वे काजू-बादाम ही ले गए। वारदात स्कीम नंबर 71 में हुई। यहां रहने वाले प्रकाशचंद जैन की पत्नी को गंभीर बीमारी के चलते परिवार ने मुंबई के टाटा मेमोरियल हास्पिटल में भर्ती कराया है। घर पर गुरुवार को जब श्री जैन की बेटी पहुंची तो पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त था। वहीं घर में रखे काजू बादाम गायब थे। माना जा रहा है कि चोरों को यहां नकदी और जेवरात नहीं मिले तो वे काजू-बादाम ही ले गए। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।